# NFLAT NOTIFICATION

**Subject: National Centre for Financial Education (NCFE) - 'National Financial Literacy Assessment Test' (NFLAT) for the students of Classes VI, VII, VIII, IX and X.**

**NCFE-NFLAT 2016-17**

NCFE

~~National Institute of Securities Markets (NISM), Navi Mumbai~~, invites all school students from classes VI to X to participate in the National Financial Literacy Assessment Test (NCFE-NFLAT 2016-17) being conducted through Online (Within the School with adequate IT Infrastructure and internet connectivity) and Offline (Pen and Paper within the school) mode for school students of class 6th to 10th standard. The test shall be conducted in two categories i.e. NFLAT Junior (Class 6th to 8th Standard) and NFLAT (Class 9th and 10th Standard).

National Institute of Securities Markets (NISM) has been identified as the nodal agency for the implementation of the National Strategy for Financial Education. In this regard, NISM has set up National Centre for Financial Education (NCFE) with the support of all the financial sector regulators in India: Reserve Bank of India (RBI), Securities and Exchange Board of India (SEBI), Insurance Regulatory and Development Authority of India (IRDAI) and Pension Fund Regulatory and Development Authority (PFRDA), to further the cause of financial literacy and inclusion in India in a collaborative manner.

NCFE's National Financial Literacy Assessment Test (NCFE-NFLAT) is one such step in this direction. By conducting a national level test, NCFE plans to motivate school students (of classes VI to X) to learn the concepts of finance and also measure their financial awareness so that they inculcate an important life skills at an early age leading to sound financial decisions later.

Registrations have started from 15th October, 2016. The school has to register themselves online. Subsequent to the school registration, student's registration shall be done by the respective schools. School shall be provided with the option of choosing online /offline test mode. The school has to invigilate the online/offline test for their own students and any assistance required for the online/offline test shall be provided by NCFE/NISM Team.

The schools shall enroll themselves by following the link on the NCFE website:

http://www.ncfeindia.org/nflat

Important dates are as follows:

| | Online Test | Offline Test |
|---|---|---|
| **Registration opens on** | 15th October, 2016 | 15th October, 2016 |
| **Registration closes on** | 22nd November, 2016 | 22nd November, 2016 |
| **First level - Examination Date** | 25th November 2016 - 7th January, 2017* | 1st December - 10 December, 201 |
| **Second level - Regional & National Competition** | 1st February 2017 to 28th February 2017 | |

** Online exam shall be conducted at the respective schools having adequate IT Infrastructure and internet connectivity.*

*** Offline test would be conducted at the respective school through Pen & Paper mode.*

## Awards

National School Winners (Top 3 Schools) shall be awarded with cash reward of Rs. 35,000/- each and a Shiel and the National Winner Students (Pair 1+1) of the schools shall be felicitated with Certificates, Medals & Laptops.

Regional School Winners (Top 3 Schools in each Zone) shall be awarded with cash reward of Rs. 25,000 eac and Shield and the Regional Winner Students (Pair 1+1) shall be felicitated with Certificates, Medals & Tablets/Kindles

The duration of the NFLAT and NFLAT Jr. Test shall be 60 minutes and contains 75 and 50 questions respectively. The test will be conducted in both English & Hindi only. Syllabus details available on the NCFE website

**For any other queries kindly contact:**

National Institute of Securities Markets, NISM Bhavan, Plot No. 82, Sector-17, Vashi, Navi Mumbai – 400703
Phone: 022- 66734600-02 I email: nflat@nism.ac.in, Website: www.ncfeindia.org | www.nism.ac.in

All schools are requested to avail this opportunity.

(J. ANITA)
DGM
Communications Wing

विषयः राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र (एनसीएफई)- कक्षा VI, VII, VIII, IX तथा X के विद्यार्थियों के लिए 'राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा (एनएफएलएटी) - 2016-17

राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र (एनसीएफई) ने छठी से दसवीं कक्षा तक के सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन (जिन विद्यालयों में सूचना प्रोद्योगिकी की पर्याप्त मूलभूत सुविधा तथा इंटरनेट कनेक्टिविटी हो) तथा ऑफलाइन (विद्यालय के परिसर में काग़ज-क़लम से) माध्यम से ली जाने वाली राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा - 2016-17 में भाग लेने के लिए छठी से लेकर दसवीं कक्षा तक के सभी विद्यालय के विद्यार्थियों को आमंत्रित किया है। यह परीक्षा दो श्रेणियों में आयोजित की जायेगी (प्रथम श्रेणी - एनएफएलएटी कनिष्ठ (छठी से आठवीं) विद्यार्थी तथा दूसरी श्रेणी में नवीं से दसवीं कक्षा के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं)

वित्तीय शिक्षा की राष्ट्रीय नीति का अमल करने हेतु केंद्रीय एजेंसी के रूप में राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान (एनआईएसएम) को नियुक्त किया गया है। इसी संबंध में एनआईएसएम ने भारत के वित्तीय क्षेत्र के सभी नियामक - भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) तथा पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के सहयोग से राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र की स्थापना की है ताकि भारत में वित्तीय साक्षरता और सर्वसमावेशन को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त रूप से कार्य किया जा सके।

एनसीएफई की राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा इसी दिशा में उठाया गया एक कदम है। राष्ट्रीय स्तर पर इस परीक्षा के आयोजन के द्वारा एनसीएफई वित्तीय संकल्पनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए स्कूल के विद्यार्थीयों (छठवीं से दसवीं तक के) को प्रेरित करना चाहता है तथा विद्यार्थीयों की वित्तीय साक्षरता का मूल्यांकन करना चाहता है ताकि उन में कम उम्र से ही जीवन का यह एक महत्त्वपूर्ण कौशल विकसित किया जाय जो भविष्य में उन्हें वित्तीय मामलों में समझदारीपूर्वक निर्णय लेने में सहायक साबित हो।

पंजीकरण 15 अक्टूबर, 2016 से शुरू हो चुका है। विद्यालयों को अपना पंजीकरण ऑनलाइन कराना है। विद्यालय के पंजीकरण के पश्चात, संबंधित विद्यालय अपने विद्यार्थियों का पंजीकरण करवायेगा। विद्यालयों को परीक्षा के ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों ही माध्यम के विकल्प दिये जायेंगे। उन्हें अपने विद्यार्थियों की ऑनलाइन/ऑफलाइन परीक्षा पर निगरानी करनी होगी। इस संबंध में यदि कोई सहायता की आवश्यकता होगी तो एनसीएफई/एनआईएसएम की टीम द्वारा मुहैया कराई जायेगी।

विद्यालय एनसीएफई की वेबसाइट के निम्नलिखित लिंक पर जाकर अपना नाम पंजीकरण करवा सकतें हैं: http://www.ncfeindia.org/nflat

महत्त्वपूर्ण तारीख इस प्रकार हैः

| | ऑनलाइन परीक्षा | ऑफलाइन परीक्षा |
|---|---|---|
| पंजीकरण का प्रारंभ | 15 अक्टूबर, 2016 | 15 अक्टूबर, 2016 |
| पंजीकरण की समाप्ति | 22 नवंबर, 2016 | 22 नवंबर, 2016 |
| प्रथम स्तर - परीक्षा की तारीख | 25 नवंबर, 2016 - 7 जनवरी, 2017* | 1 दिसंबर - 10 दिसंबर, 2016** |

* जिन विद्यालयों में सूचना प्रोद्योगिकी की पर्याप्त मूलभूत सुविधा तथा इंटरनेट कनेक्टिविटी हो ऑनलाइन परीक्षा ली जायेगी।

** संबंधित विद्यालय में काग़ज-क़लम माध्यम से ऑफलाइन परीक्षा ली जायेगी।

## पुरस्कार

राष्ट्रीय विजेता विद्यालयों (शीर्ष तीन) प्रत्येक को 35,000 नगद राशि तथा शील्ड से पुरस्कृत किया जायेगा तथा राष्ट्रीय विजेता विद्यार्थियों (1+1 की जोड़ी में) को प्रमाणपत्र, पदक एवं लैपटोप से सम्मानित किया जायेगा।

प्रादेशिक विजेता विद्यालयों (प्रत्येक अंचल में शीर्ष 3) प्रत्येक को 25,000 नगद राशि तथा शील्ड से पुरस्कृत किया जायेगा तथा प्रादेशिक विजेता विद्यार्थियों (1+1 की जोड़ी में) को प्रमाणपत्र, पदक एवं टैबलेट/किंडल से सम्मानित किया जायेगा।

एनएफएलएटी तथा एनएफएलएटी कनिष्ठ (जुनियर) की समयावधि 60 मिनट होगी तथा उस में क्रमानुसार 75 तथा 50 प्रश्न होंगे। यह परीक्षा अंग्रेजी तथा हिंदी में आयोजित की जायेगी। पाठ्यक्रम की जानकारी एनसीएफई वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<u>अन्य किसी जानकारी के लिए संपर्क:</u>

राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान, एनआईएसएम भवन, प्लॉट नं. 82, सेक्टर - 17, वाशी, नवी मुंबई - 400703
दूरध्वनी: 022-66734600-02 । ई-मेल: **nflat@nism.ac.in**, वेबसाइट: **www.ncfeindia.org** |
**www.nism.ac.in**

सभी विद्यालयों से निवेदन है कि वे इस अवसर का लाभ लें।

जे. अनिता
उप महाप्रबन्धक
संचार विभाग